Title: Request to start the Auriha-Jaunpur Meter Gauge Line closed since 1994 under the Varanasi Zone.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं उत्तर प्रदेश के सैदपुर लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। वाराणसी मंडल के अंतर्गत औंरिहार-जौनपुर छोटी लाइन सन १९९४ से बंद पड़ी है जिसके संबंध में कई बार रेलवे मंत्रालय का ध्यान दिलाया जा चुका है. लेकिन इस दिशा में कोई प्रगति अब तक नहीं हुई है। औंरिहार रेल वे स्टेशन जौनपुर तहसील और सैदपुर तहसील मुख्यालय से जुड़ा होने के कारण एक चर्चित केन्द्रबिन्दु है जहां से लोगों का आवागमन दूर-दराज के क्षेत्रों में होता रहता है। दूसरी तरफ जौनपुर व्यवसाय का केन्द्रबिन्दु है। व्यापारियों को प्रतिदिन औंरिहार से जौनपुर आना-जाना पड़ता है। जौनपुर से औंरिहा के बीच सरकारी बस सेवा भी उपलब्ध नहीं हैं। निजी वाहन चलते हैं जो जनता से मनमाने पैसे वसूलते हैं। सही समय पर जनता अपने कार्यों के लिए पहुंच नहीं पाती है जिससे क्षेत्रीय जनता काफी दुखी है। मैं आशा करता हूं कि रेल मंत्रालय अविलंब उक्त प्रकरण पर ध्यान देने का काम करेगा। इसके लिए मैं आपका आभारी रहूंगा।